सार-समाचार

## 62 यूनिट रक्तदान किया

**सायला,** (निसं)। एकमात्र सरकारी ब्लड बैंक में रक्त की कमी के मद्देनजर शुक्रवार को रक्त सेवादल संस्थान राजस्थान के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भंडारी धर्मशाला में आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रघुनन्दन बिश्नोई, डॉ. रामसिंह राजपुरोहित, उपसरपंच प्रकाश मेघवाल, सरपंच प्रतिनिधि शंभूसिंह दहिया एवं भाजपा नेता मुकुन्द दवे ने भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में रक्तदाताओं ने कुल 62 यूनिट रक्तदान किया। उम्मेदाबाद निवासी 43 वर्षीय कुयाराम जीनगर ने 54वीं बार रक्तदान किया। संस्थान के सचिव नवनीत दवे ने अपने 26वें जन्मदिन पर शुक्रवार को 31वीं बार एवं रक्तदाता हर्ष त्रिवेदी ने 19 वीं बार रक्तदान किया। शिविर में डॉ. जगदीश बिश्नोई, लक्ष्मणाराम, राजेश बालोत, सुरेश गर्ग, अमित श्रीमाली व जावेद जोया ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष विक्रम त्रिवेदी, सचिव नवनीत दवे, कोषाध्यक्ष हर्ष त्रिवेदी, श्रवणसिंह देवडा, नारायणलाल विश्वकर्मा, शौकत खां, मोहन मेघवाल, कांस्टेबल कपिल कुमार, महेश लीलावत, चन्द्रप्रकाश, प्रिन्स शर्मा, कार्तिक, अभिषेक, माधव समेत रक्तदाता व ग्रामीण मौजूद थे। संस्थान के द्वारा सायला, आहोर व भीनमाल में ब्लड स्टोरेज भी शुरू करवाया गया है। वही प्रतिवर्ष भव्य समारोह का आयोजन कर रक्तवीरों का सम्मान कर रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

## केन्द्र की नीतियां गरीब के खिलाफ : जैन

**बाड़मेर,** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्र व्यापी आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी बाड़मेर के तत्वावधान में केन्द्र सरकार की नीतियों व बढ़ती मंहगाई के विरोध में शु वार को सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना दिया एवं गिरफ्तारिया देकर विरोध दर्ज कराया। कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरने को संबोधित करते हुए गौ सेवा आयोग अध्यक्ष एवं विधायक मेवाराम जैन ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतिया आम जनता एवं गरीब के खिलाफ हैं। पूर्व उप जिला प्रमुख सोहनलाल चौधरी ने कहा कि आज देश में मंहगाई रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। धरने के बाद सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता गो सेवा आयोग अध्यक्ष मेवाराम जैन के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय के बाहर पहुंचे एवं जमकर नारेबाजी की। इसके बाद मेवाराम जैन सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारिया दी। उनके साथ सभापति दिलीप माली, सोहनलाल चौधरी, मूलाराम मेघवाल, उप प्रधान उदाराम बोसिया, पूर्व उप प्रधान कुटलाराम, तनसिह महाबार, दमाराम माली, मेवाराम सोनी, चैनसिह भाटी, ठाकराराम माली, भाखराराम, सोनाराम मंसुरिया, पार्षद महावीर बोहरा, निम्बसिंह, किशनलाल मेघवाल, मगराज सैन सहित कई कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारिया दी।

## हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी शुरू

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण में हर- घर तिरंगा अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से ग्रामीण अंचलों में स्वतंत्रा दिवस पर अपने घरों, प्रतिष्ठानों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा लगाने को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। शुक्रवार को भाजपा जिला मंत्री मदनसिंह राजमथाई के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भेंसडा मंडल में तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर प्रचार प्रसार किया। उन्होंने कहा की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर घर-घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक झंडा फहराया जाए, साथ ही सभी मंडल में 9 अगस्त से 12 अगस्त तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देश अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक बुथों पर घर-घर झंडा फहराया जाएगा। इस दौरान मंडल मंत्री राजेंद्रसिंह, कन्हैयालाल,जयसिंह, सगताराम, जोगराजसिंह, युवराज पंवार, सदीक खान, नरेश, मनोहरसिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## किशोर-सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने शुक्रवार को राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं में भी बालकों को भाग लेने के लिए प्रेरित करें। वहीं एडीआर भवन जालोर में सोमवार से विभिन्न प्रकरणों में चल रही प्री काउंसलिंग के दौरान चिकित्सा विभाग की ओर से टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा न्यायालय के अधिकारी अधिवक्ता एवं पक्षकारान के टीकाकरण किया गया।

## मारवाड़ी युवा मंच का रक्तदान शिविर

**जालोर,** (कासं)। मारवाडी युवा मंच जालोर की जालोर शाखा की ओर से ग्रेनाइट एसोसिएशन हॉल में शुक्रवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 73 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शाखा अध्यक्ष श्रीकांत भूतडा के अनुसार मारवाडी युवा मंच देशभर में 365 दिन में एक हजार०रक्तदान शिविर के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कार्य कर रहा है। जिसके तहत ही जालोर शाखा ने शिविर आयोजित किया व 73 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में मंच के पदाधिकारी , ग्रेनाइट एसोसिएशन के पदाधिकारी, ग्रेनाइट उद्यमियों, लोगों एवं मंच के सदस्यों ने भाग लिया। अंत में सचिव किशन जैन व कोषाध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। रक्तदान शिविर के प्रभारी रमेश फोफलिया व चिराग मेहता थे।

## रक्षाबंधन एक अलौकिक पर्व है : मीरा बहन

**फालना,** (निसं)। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर फालना पर शुक्रवार को ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन का पारंपरिक त्यौहार मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कवियत्री डॉ. कविता किरण एवं जिला सीएलजी मेंबर अमित मेहता के आतिथ्य में मनाया गया। सेंटर की मुख्य संचालिका मीरा बहन ने कहा कि भाई-बहन के पवित्र प्रेम का यादगार पर्व रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह महान पर्व में हमारे वास्तविक पवित्र आध्यात्मिक स्वरूप की स्मृति दिलाता है। सेंटर की बहन कंचन, उमा,संतोषी उद्योग व्यापार संघ के अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा, हीरालाल चौधरी, मूलचंद डाबी,नंदू भाई राणावत, आदि लोगों ने रक्षाबंधन का अलौकिक पर्व आध्यात्मिक तरीके से मनाया।

## गोलाणा में गायों पर दवाई का छिड़काव

**जसवंतपुरा,** (निसं)। जसवंतपुरा के गोलाणा गांव में गायों में लंपी वायरस बीमारी फैलने से दवाई का छिडकाव किया गया। कलापुरा गोलाणा सरपंच गोविंदराम मालवीय, विकास अधिकारी मुकनाराम , जागेश्वर युवा मंडल अध्यक्ष माधुसिंह काबावत, मंडल संयोजक मुकेश कुमार सुथार, संतोष राजपुरोहित, अशोक राजपुरोहित, नाथूसिंह देवडा मुकेशकुमार सेन, नारायण सिंह काबावत, फुलाराम प्रजापत, चेनाराम प्रजापत, ईश्वर मेघवाल पशु चिकित्सालय डॉक्टर गोपाल ओमप्रकाश पुरोहित , कालाराम चौधरी, भावाराम देवासी, अमृत प्रजापत सहित गौभक्त मौजूद थे।

## सहायक प्रशिक्षण केन्द्र में पौधारोपण

**जोधपुर,** (कासं)। प्रर्यावरण-प्रथम रंक्षा पंक्ति के बैनर तले सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल, जोधपुर में शुक्रवार को महानिरीक्षक मदन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके जिसमें लगभग तीन हजार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कमांण्डेन्ट, (मुख्य अनुदेशक) योगेंन्द्र सिंह राठौड़, उप महाप्रबंधक, एसबीआई, प्रमोद नारायण तिवारी, सहायक महाप्रबंधक, एसबीआई नीरज कुमार व प्रबंधक एसबीआई महामंदिर मुल्तान राम सोलंकी व सभी अधिकारियों, जवानों व नवआरक्षकों ने भाग लिया।

## जालोर में विकास कार्य की मांग

**जालोर,** (कासं)। जालोर महिला कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष ममता माली ने शुक्रवार को जालोर नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्य करवाने की मांग को लेकर जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बिना किसी आरोप-प्रत्यारोप के नगर परिषद क्षेत्र में भाजपा बोर्ड द्वारा विकास कार्यो को गति दी जाये ताकि आम जनता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर। जिले भर में चलाए जा रहे आत्म रक्षा प्रशिक्षण को लेकर रेवदर थाना क्षेत्र के देरोल गांव में स्थित ब्लॉक स्तरीय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में महिला कांस्टेबल भंवरी ने आत्मरक्षा को लेकर बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया। हैड कांस्टेबल किशनलाल ने यातायात नियमों की जानकारी दी।

# कांग्रेसजनों ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ रोष जताया

**जालोर,**(नि.सं.)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार महंगाई एवं बेरोजगारी सहित कई मुद्दों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन जिलाध्यक्ष डॉ समरजीत सिंह राठौड की अध्यक्षता में किया तथा गिरफ्तारिया दी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ समरजीत सिंह राठौड़ ने कहा कि आज देश भर में मंहगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। पेट्रोल,डीजल, रसोई गैस सिलेंडर से लेकर आटा,दालें, खाद्य तेल जैसी जरूरी वस्तुओं की बढ़ी कीमतों ने आम जनता का जीना बेहाल कर रखा है।

पूर्व जिलाध्यक्ष नैन सिंह राजपुरोहित, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सवाराम पटेल, पूर्व जिला प्रमुख मंजू मेघवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी वाघ सिंह पुनग, जिला उपाध्यक्ष डॉ शमशेर अली, ब्लॉक अध्यक्ष भवरलाल मेघवाल,उप प्रधान महदेवा राम देवासी, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष ममता जैन, जिला महासचिव लीला राजपुरोहित आदि ने भी सम्बोधित किया। धरना कार्यक्रम के पश्चात समस्त कांग्रेसजनों ने केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी कर अपना विरोध प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह कुम्पावत ने किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नत्थू खान, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह कुम्पावत, पूर्व सेवादल जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र जोशी, जिला परिषद सदस्य मांगीलाल प्रजापत, जिला सचिव सरोज चौधरी, पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल चौधरी, आहोर उप प्रधान अमृत प्रजापत, नेता प्रतिपक्ष कालूराम मेघवाल, पार्षद राजेन्द्र सोलंकी, पार्षद बसन्त सुथार, युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष लक्ष्मीकांत दवे, मनोनीत पार्षद सुरेश मेघवाल, अनिल पंडत, शीला चौधरी,महिला जिला उपाध्यक्ष ममता माली, ओबीसी जिलाध्यक्ष हुक्मीचंद माली, भरत सिंह राजपुरोहित, गणपत शर्मा निबला, अमीन मोयला उम्मेद सिंह चारण, कपुराराम परिहार, ब्लॉक समन्वयक महेंद्र सोनगरा, किसनाराम चौधरी, पुखराज माली, प्रेम सिंह मिठड़ी, जुझाराम चौधरी, हस्तीमल सुथार, दीपक थांवला,वर्षा जैन,प्रवीण लुकड़, कानाराम सिंघल, इरफान खान, संभेलाराम माली, रूपाराम आकोली सहित कांग्रेसजन मौजूद थे।

**जोधपुर संवाददाता के अनुसार :** मंहगाई और बेरोजगारी सहित अन्य कई मुद्दों को लेकर आज शहर के राजीव गांधी मूर्ति के पास नई सड़क पर कांग्रेस ने धरना और प्रदर्शन किया। गांवों से भी लोग गाडिय़ां लेकर जोधपुर पहुंचे। काफी संख्या में गाडिय़ां आने से यातायात पूरी तरह जाम हो गया। लोगों को काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ा। लोग जाम में फंस गए। धरना स्थल पर कई स्थानीय नेताओं ने अपना संबोधन भी दिया।

जोधपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष व बिलाडा विधायक हीराराम मेघवाल व जोधपुर शहर उत्तर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सलीम खान, जोधपुर शहर दक्षिण काग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष नरेश जोशी के निर्देशानुसार निवर्तमान देहात अध्यक्ष नेमाराम बैरा गंगाणा ने बताया कि सुबह 10 बजे राजीव गांधी चौक सोजती गेट जोधपुर में केंद्र सरकार के खिलाफ धरना -प्रदर्शन किया गया।

### केंद्र की आर्थिक नीतियों का विरोध

नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की अव्यवहारिक आर्थिक नीतियों के चलते समूचे देश में मंहगाई चरम पर पहुच चुकी है, आम आवश्यकता की वस्तुए पैट्रोल, डीजल, एलपीजी गैस, से लेकर खाध्य सामठाी आटा, दाल, पैकेज्ड अनाज, शहद, दही, खाने का तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर भारी जीएसटी टैक्स लगाने से महंगाई और बढ़ी है।

नेताओं ने देश में बेरोजगारी आसमान छू रही है, अग्निपथ योजना जैसी विवादास्पद, खराब कल्पना, और रक्षा क्षेत्र में बेरोजगार भारतीय युवाओं को अनिश्चित भविष्य में धकेलने जैसी अलोकतांत्रिक योजनाओं के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने संसद के अन्दर और बाहर जनहित में केंद्र सरकार को घेरा।

**सिवाना संवाददाता के अनुसार :** सिवाना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन कर गिरफ्तारियां दी।

इस अवसर पूर्व मंत्री अनुसूचित जाति आयोग एवं पूर्व विधायक गोपाराम मेघवाल, खनन प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव पंकज प्रतापसिंह, रीको निदेशक सुनील परिहार ,पूर्व विधायक मोटाराम मेघवाल, ब्लॉक अध्यक्ष पूनमचंद रामदेव सिवाना, प्रधान मुकनसिंह राजपुरोहित सिवाना, ऑल इंडिया ब्रिगेड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भगाराम मेघवाल सिवाना, ब्लॉक उपाध्यक्ष मदनपुरी गोस्वामी, मेजरसिंह पीपलून, गणपतसिंह सिवाना, बागसिंह राजपुरोहित, वीरमाराम मेघवाल, फिरोज खान पठान, गोपाराम गर्ग मोतीसरा, ताजूखा सिवाना, अरुण व्यास समदडी, मोतीराम चौधरी, धनराज चौधरी समदडी, दिनेखा मवडी, पहाडसिंह कुंडल, छगनलाल मेघवाल मायलावास आदि मौजूद रहे।

# उत्कर्ष के रक्तदान शिविर की व्यवस्था पर चर्चा की




उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक डॉ. निर्मल गहलोत के 44 वें जन्मदिवस पर 13 अगस्त को आदर्श विद्या मंदिर केशव परिसर में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को लेकर कार्यक्रम व्यवस्थापकों की राज्य के प्रमुख ब्लड बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग संपन्न हुई।

**जोधपुर,** (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक डॉ. निर्मल गहलोत के 44वें जन्मदिवस पर आगामी 13 अगस्त को आदर्श विद्या मंदिर, केशव परिसर में आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर को लेकर 5 अगस्त को कार्यक्रम व्यवस्थापकों की राज्य के प्रमुख ब्लड बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग सम्पन्न हुई। इस दौरान रक्तदान के महत्त्व तथा आमजन में इस महादान को लेकर जागरूकता बढाने एवं संबंधित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने से जुड़ी पूर्व तैयारी पर परिचर्चा की गई।

ब्लड बैंकों के साथ हुई इस बैठक में संस्था के सह संस्थापक तरुण गहलोत, व्यवस्थापक डॉ. दिनेश गहलोत एवं कार्यक्रम संयोजक हरी किशन ने प्रतिनिधियों को संबोधित किया। डॉ. दिनेश गहलोत ने मीटिंग के दौरान रक्तदान के महत्त्व पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज के वैज्ञानिक दौर में भी आमजन का एक वर्ग ऐसा भी है जो इस महादान को लेकर संशय या किसी भ्रांति का शिकार है जिसे दूर किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग जरुरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में अपना योगदान दे सकें। प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

इसी कडी में कार्यक्रम संयोजक हरी किशन ने प्रतिनिधियों को व्यवस्था से अवगत करवाते हुए बताया कि रक्तदाताओं की सुविधा व रक्तदान को निर्बाध गति से चलाए जाने के लिए निर्धारित परिसर में 15 वार्ड बनाए जाएँगे तथा प्रत्येक वार्ड में 14 बेड की उपलब्धता होंगी। प्रत्येक वार्ड में 1 चिकित्सक, 5 नर्सिंग स्टाफ, 5 सहयोगी एवं रक्तदाता के वजन, ब्लड प्रेशर, रक्त में हीमोग्लोबिन इत्यादि जांच करने के लिए 2 जांचकर्मी और 2 पंजीयनकर्ता मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम की पूर्व तैयारी के लिए आयोजित बैठक में बाबा रामदेव सेवा संस्थान से करण सिंह, माली समाज सेवा संस्थान से अरविन्द कच्छवाहा, बालेसर से प्रकाश गहलोत तथा जयपुर से दीपेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। जोधपुर की सभी रक्त सेवा संस्थाएँ इस विशाल रक्तदान शिविर से जुडकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग देंगी।

इस अवसर पर जोधपुर के मथुरादास माथुर, महात्मा गाँधी, उम्मेद, मेडिपल्स अस्पतालों के ब्लड बैंकों के अलावा पारस ब्लड बैंक, अंबिका ब्लड बैंक, रोटरी ब्लड बैंक, जोधपुर ब्लड बैंक, के अतिरिक्त जयपुर से एसएमएस ब्लड बैंक व जयपुर जनाना ब्लड बैंक तथा प्रतिष्ठा ब्लड बैंक, डॉ. रामपाल ब्लड बैंक एवं पाली से बाँगड ब्लड बैंक व तुलसी ब्लड बैंक के साथ ही नागौर से लाइफलाइन ब्लड बैंक तथा अजमेर से फ्रीडम ब्लड बैंक सहित विभिन्न प्रमुख ब्लड बैंकों के प्रतिनिधियों ने जहाँ इस बैठक में ऑफलाइन उपस्थिति दर्ज करवाई ये सभी ब्लड बैंक इस शिविर में प्रात: 7 बजे से सायं 7 बजे तक रक्त संग्रहण टीम के रूप में कार्य करेंगे।

## कटारा ने कार्यों की समीक्षा की

**जालोर,** (कासं)। भाजपा जालोर की संगठनात्मक एवं समीक्षा बैठक का आयोजन रामसीन में सुथार समाज धर्मशाला में प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा की अध्यक्षता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, जिला प्रभारी महेन्द्र बोहरा, विधानसभा सचेतक एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग के आतिथ्य में तीन चरणों में बैठक का आयोजन किया गया।

समीक्षा बैठक से पूर्व आहोर विधानसभा के बिबलसर में बूथ कार्यसमिति बैठक में बूथ स्तर पर किये कार्यो एवं कार्यकारणी की जानकारी ली।

इनके बाद 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर अभियान के जिला एवं मंडल संयोजक की बैठक का आयोजन किया।

इस दौरान ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य खेमराज देसाई, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वन्नेसिंह गोहिल, सांवलाराम देवासी, पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी, धनाराम पुरोहित, सांचौर भाजपा प्रत्याशी दानाराम चौधरी, जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, हरीश राणावत, प्रकाश छाजेड, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धुखांराम राजपुरोहित, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष भेरुदान चारण, उकसिंह परमार, जालोर नगर परिषद सभापति गोविंद टांक, जिला मंत्री भूरसिंह देवकी, सुशीला सैन, पवनी मेघवाल, डॉ. शीला बिश्नोई, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत, जिला सोशल मीडिया प्रभारी चंद्रकांत सुंदेशा, मीडिया प्रभारी भावेश सोनी, भाजयुमो जिला महामंत्री प्रकाश विश्नोई, ललित राजपुरोहित, सहित मंगलसिंह सिराणा, छागनदास रामावत, जिला परिषद सदस्य सुखी देवी दिनेश भाटी, भीनमाल प्रतिपक्ष नेता प्रवीण दवे सभी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित कई जने उपस्थित रहे।

## जालोर को स्वर्ण सहित पांच पदक

**जालोर,** (कासं)। श्रीगंगानगर में 3 से5 अगस्त तक आयोजित हुई 16वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जालोर के वुशू फाइटरों ने एक स्वर्ण सहित कुल पांच पदक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया।

खिलाड़ियों के साथ जिला वुशू संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा व तकनीकी अधिकारी चिंकु माली को अंतर्राष्ट्रीय वुशू कोच राजेश कुमार टेलर ने पदक पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि आर्यवीर चिराग परमार ने तालू इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।

वहीं आर्य वीरांगना रिंकु कुमारी ने बालिकाओं के 48 किलो भारवर्ग में रजत व आर्यवीरांगना नन्दिनी सिंह पानिवाल ने 45 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार बालकों के 48 किलो भारवर्ग में आर्यवीर भरत व 60० किलो भारवर्ग में मुकेश ने कांस्य पदक अर्जित कर जिले का मान बढ़ाया।

जिले के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानन्द कटारिया, जिला वुशू संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य, आर्यवीरदल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार,संचालक प्रशान्त सिंह, सहित जिले भर के वुशू खिलाड़ियों ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

## रामदेवरा में पत्रकार संघ की बैठक हुई

**रामदेवरा,** (निसं)। रामदेवरा में बाबा रामदेव के विश्व प्रसिद्ध मेले के आयोजित होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं, लिहाजा हर कोई इसे खास बनाने में कोई कसर नहीं छोडना चाहता है। इसी मद्देनजर क्षेत्र के पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को गणेश मंदिर के परिसर में हुई। बैठक पत्रकार संघ के अध्यक्ष जसवंत सिंह तंवर की अध्यक्षता में हुई।

इस बैठक में क्षेत्र के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोग मौजूद रहे। सभी ने एक राय से मांग रखी है कि इस साल बाबा रामदेव मेले में स्थानीय पत्रकारों को बेहतर सुविधा मिले। बाबा रामदेव मेले की कवरेज को देखते हुए एक भव्य मीडिया सेंटर खोला जाये। जिसमें हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा रहे। पत्रकारों के लिए वाहन पास और मेला पास भी जारी किए जाएं।

देश, विदेश से आने वाले मीडिया बंधुओं के समाचार संकलन के लिए अलग से मेले में एक आवास की व्यवस्था भी की जाये।

बैठक में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर बारीकियों से विचार-विमर्श किया गया। अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निर्भीक, निष्पक्ष व अडिग रहने आदि विषय पर जोर दिया गया। जिसमें सभी ने एक स्वर मे संघ के संगठन की मजबूती पर सहमति प्रदान की।बैठक में गत दिनों ग्राम पंचायत सभागार में क्षेत्र के पत्रकारों को प्रवेश नही देने के बाद पत्रकारों मे स्थानीय प्रशासन के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया । भविष्य में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किसी भी बैठक में पत्रकार बिना बुलाए नही जायेगे। मेला अवधि में क्षेत्र के पत्रकारों को जरूरी सुविधाएं नही उपलब्ध करवाई जाती है तो मेले की कवरेज का स्थानीय पत्रकार बहिष्कार करेंगे।

मेले में बाहरी लोगो का अभी तक सत्यापन नही होने से क्षेत्र में हो रही चोरियो को लेकर पुलिस प्रशासन से बाहरी लोगो का सत्यापन की भी मांग की गई। वही मेले से पहले मेला प्रशासन को स्थानीय पत्रकारों के साथ बने गतिरोध को लेकर बैठक करनी चाहिए, 15 अगस्त से पहले मेला प्रशासन पत्रकारों के साथ बैठक कर गतिरोध दूर नही करता है तो राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर रोष प्रकट किया जायेगा। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार आनंद सिंह तंवर,शांतिलाल बोहरा,ज्योति सिन्हा,राजू सोनी,नाथूराम वानर,सोहन सिंह,हनुमान सिंह,अनिल जोशी,राजू वानर,आदि उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा निकाली

**बाड़मेर,** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आमजन की अधिकाधिक भागीदारी के लिए शुक्रवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर पुलिस विभाग की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जिला कलैक्टर लोक बंधु एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव की अगुवाई में पुलिस के जवानों ने आमजन को आगामी 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश दिया। तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी की शपथ दिलाई गई।

बाड़मेर जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को पुलिस लाइन से तिरंगा यात्रा निकाली गई। पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इससे पहले ओम जोशी ने हर घर तिरंगा अभियान में स यि भागीदारी की शपथ दिलाई। तिरंगा यात्रा स्टेशन रोड़ एवं अन्य विभिन्न मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। तिरंगा यात्रा में जिला कलैक्टर लोक बंधु, पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव, पुलिस उप अधीक्षक आनंद सिंह राजपुरोहित, ओम जोशी समेत विभिन्न अधिकारियों एवं पुलिस के जवानों ने शिरकत की। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति गीतों की धून की प्रस्तुति देते हुए पुलिस बैंड के साथ तिरंगा थामे जवानों ने नारे लगाते हुए घरों एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश दिया।

सार-समाचार

## यायावर कवि डॉ.सत्यनारायण से संवाद कल

**जोधपुर,** (कासं)। साहित्यिक - सांस्कृतिक संस्थान रम्मत की ओर से ख्यातनाम कवि - कथाकार एवं डायरी लेखक प्रोफेसर (डॉ.) सत्यनारायण से संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को सांय 5 बजे पांच बत्ती चौराहा स्थित होटल चन्द्रा इन में आयोजित किया जायेगा । संस्थान के सचिव आशीष चारण ने बताया कि कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम कवि प्रोफेसर (डॉ.) सत्यनारायण से देश प्रतिष्ठित कवि विनोद पदरज साहित्यिक संवाद करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम में डॉ.सत्यनारायण के विराट व्यक्तित्व एवं विशाल कृतित्व पर सवाल-जवाब होने के साथ ही कवि डॉ. सत्यनारायण अपनी काव्य रचनाओं का पाठ भी करेंगे। देश के प्रतिष्ठित बिहारी पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. सत्यनारायण की साहित्य की विविध विधाओं में अब तक दर्जनों कहानी, रिपोर्ताज, काव्य, संस्मरण, आलोचना, डायरी तथा अनुवाद संग्रह प्रकाशित हो चुके है जिनमें फटी जेब से एक दिन, रेत की कोख में, यायावर की डायरी, यादों का घर, नागार्जुन, रचना का स्वभाव, दुख: किस कांधे पर उल्लेखनीय रचनाएं है। यायावरी के लिए प्रसिद्ध डॉ.सत्यनारायण ने कथादेश पत्रिका में बरसों से यायावर की डायरी लिखते रहें। इन्होंने अपने यायावर जीवन को संस्मरण के माध्यम से सृजित किये जो अनेक पत्र पत्रिकाओं में नियमित रूप से प्रकाशित हुए है। ज्ञातव्य है कि जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होने के पश्चात प्रोफेसर (डॉ.) सत्यनारायण पूर्ण रूप से यायावरी एवं साहित्य साधना में लगे हुए है। रम्मत संस्थान द्वारा आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में अनेक भाषाओं के रचनाकार, शिक्षाविद,भाषाप्रेमी तथा शोध छात्र भाग लेंगे।

## सावन महोत्सव की धूम रही

**जोधपुर,** (कासं)। सरदार पटेल राजकीय कॉलोनी में शुक्रवार को मां जगदंबा पार्क में महोत्सव का शानदार में रंगारंग आयोजन किया गया । महिलाओं की भागीदारी में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य व भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर पार्क में मंदिर परिसर को शानदार तरीके से सजाया गया। पार्क में लगे झूलों को भी फूलों से सजाया गया। महिलाओं ने झूले झूल कर आनंद लिया। सभी महिलाएं अपने घर से लड्डू गोपाल को झूले में लेकर आई और वहां मंदिर में पूजा अर्चना की। सावन महोत्सव लहरिया थीम पर आधारित रहा। महिलाएं सभी महिलाएं लहरिया साडी व लहरिया लहंगा सूट मे सज धज कर आई। सभी ने विभिन्न भजनों की धुनों पर नृत्य भी किया। इस अवसर पर विभिन्न भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में अंजू गुप्ता, शालिनी राजवंशी, चंदन राजपुरोहित, मधु कंवर, प्रेम कंवर, चंदा कंवर, मंजू गढवाल, विजय श्री, झलक, सुषमा पुरोहित, सुनीता, मुक्ता चौधरी, शारदा राजपुरोहित, कमला वैष्णव, रूप कंवर, भंवर कंवर, दुर्गा कंवर, बबीता, पिंकी, सुनीता, देविका, मंजू पवार, जयश्री शर्मा, पदमा ने नृत्य व भजनों की प्रस्तुति दी।

## शिवबाड़ी में सहस्त्रघट रूद्राभिषेक

**जोधपुर,** (कासं)। महामंदिर शिवबाडी में महामंदिर श्रीमाली ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में पूरे श्रावण मास महादेव शिव का रूद्राभिषेक प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सायं कालीन रूद्राभिषेक माणक चांडक, परिवार ने सहस्त्रघट रूद्राभिषेक किया। रूद्राभिषेक पंडित जयप्रकाश, हेमंत दवे एवं बडी संख्या में पंडितों द्वारा सस्वर करवाया गया। बाद रुद्राभिषेक महादेव का फूलों से सुन्दर श्रंगार किया गया व आरती कैलाश श्रीमाली द्वारा स-स्वर में की गई। रुद्राभिषेक व महादेव की आरती व मां महालक्ष्मी की आराधना से सभी भक्त आत्मविभोर हो गए। रुद्राभिषेक में समाज के ओमप्रकाश दवे प्रवक्ता, ओमप्रकाश व्यास, पूर्व अध्यक्ष दुष्यंत कुमार जोशी, सन्तोष व्यास, जीतेन्द्र दवे, विरेन्द्र दवे मामा, मनोहर व्यास एवं समाज के व्यक्ति एवं बडी संख्या में महिला शक्ति उपस्थित रही। सहस्त्रघट बाद रुद्राभिषेक सभी पण्डितों व भक्तगणों के लिए भोजन-प्रसादी का आयोजन किया गया।

## पाली में बारिश,गर्मी से राहत मिली

**पाली,** (नि.सं.)। मानसून की बारिश के दौर में पूरे जिले में कहीं न कहीं बारिश होती रही है, लेकिन पाली शहर में करीब 5 दिन बाद शुक्रवार को दोपहर 2 घंटे रिमझिम व तेज बारिश का दौर शुरू हुआ। फिर वापस 5 बजे बारिश का दौर देर शाम तक चलता रहा।

## दौरा किया

**पोकरण,** (निसं)। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य व भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत प्रतापपुरी ने शुक्रवार को पोकरण विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। महंत ने श्क्रवार को भाजपा सांकडा मंडल कार्यालय में आयोजित बैठक में महंत ने पानी, बिजली, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार संबंधी शिकायतों को सुना।

कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज ) 345001
क्रमांक/भूमि/2022-23/689 दिनांक 04.08.2022
प्रसारित नोटिस उजरदारी
श्री अलाउदीन खां पुत्र श्री अब्बू खां जाति मुसलमान निवासी जैसलमेर तह. व जिला जैसलमेर राज. द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड साईज 53X63 फिट कुल 3339 वर्गफीट में से 18X63 फिट कुल 1134 वर्गफीट वाके ढिब्बा पाडा जैसलमेर राज. का श्री करीम खां दतक पुत्र श्री खानू खां जाति मुसलमान निवासी ढिब्बा पाडा जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड बेचान-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड श्री अलाउदीन खां पुत्र श्री अब्बू खां जाति मुसलमान निवासी जैसलमेर तह. व जिला जैसलमेर राज. द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सूचित रहे। आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज ) 345001
क्रमांक/भूमि/2022-23/697 दिनांक 05.08.2022
प्रसारित नोटिस उजरदारी
श्री अविनाश सिंह पुत्र श्री रविन्द्र सिंह चौहान जाति चौहान निवासी राजेन्द्र प्रसाद कॉलोनी जैसलमेर राज. द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या सी-387 कुल साईज 30X6-1800 वर्गफीट वाके जवाहरलाल नेहरू आवासीय योजना जैसलमेर राज. जो की श्रीमती विमला पत्नी श्री शिवलाल शर्मा जाति ब्राहमण निवासी जेठा पाडा जैसलमेर राज. से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड श्री अविनाश सिंह पुत्र श्री रविन्द्र सिंह चौहान जाति चौहान निवासी राजेन्द्र प्रसाद कॉलोनी जैसलमेर राज. द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सूचित रहे। आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज ) 345001
क्रमांक/भूमि/2022-23/696 दिनांक 05.08.2022
प्रसारित नोटिस उजरदारी
श्री विजयसिंह पुत्र श्री भूरसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी सिलावटा पाडा, बिजलीघर के पीछे, जैसलमेर तह. व जिला जैसलमेर राज. द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या डी-471 कुल साईज 25X50-1250 वर्गफीट वाके जवाहरलाल नेहरू आवासीय योजना जैसलमेर राज. का श्री अशोकसिंह पुत्र श्री मेघसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी ग्राम/पोस्ट बरमसर तह. व जिला जैसलमेर राज. से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड श्री विजयसिंह पुत्र श्री भूरसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी सिलावटा पाडा, बिजलीघर के पीछे, जैसलमेर तह. व जिला जैसलमेर राज. द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सूचित रहे। आयुक्त, नगर परिषद, जैसलमेर

**NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT CHANGE OF PARTNERS OF M/S DHANLAXMI INDUSTRIES (FRN NO.RF/SRH/2018/3209)**

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules framed under Indian Partnership Act, 1932 this is to state that following partners are admitted from the partnership firm **M/s DHANLAXMI INDUSTRIES,** plot No. E-16, Riico Growth Centre Phase II, Maval, Abu Road (RAJ) 307026 w.e.f 18.08.2021.

1. Mr. MAKARARAM S/O RANSOD RAM, aged 40 Years, adult Indian Inhabitant, having her address at S/o Ranchhoda Ram, Santo ka vas, Bhorda, Jalor, Rajasthan 307029 admitted w.e.f 18.08.2021.
2. Mr. CHENARAM SAVARAMJI PATEL S/O SAVARAMJI PATEL Aged 50 Years adult Indian Inhabitant, having her address at S/O Savaramji Patel,12, Krishna Park Society, Jashodanagar, Maninagar East, Daskroi, Vatva Industrial Estate, Ahmedabad, Gujrat-382445 admitted w.e.f 18.08.2021

**IF ANY PERSON HAVE OBJECATION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS, SIROHI WITHIN 7 DAYS.**

**NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT RETIRED OF PARTNERS OF M/S SATYAM MOTORS (FRN NO.RF/JLR/2021/2418)**

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules framed under Indian Partnership Act, 1932 this is to state that following partners are retired from the partnership firm **M/s SATYAM MOTORS**, at Khasra No. 3558/1285, B Dhani, Sanchore, District-Jalore (RAJ) w.e.f 31.05.2022.

1. Mr. RUPA RAM S/O KEHRA RAM JI , aged 38 Years, adult Indian Inhabitant, having his address at Village Sediya, Jalore (RAJ) is retired from our Firm w.e.f 31.05.2022. I have served that dealership For 1Years Commencing from 10.06.2021 and wish to resign from the dealership with my free consent out of my own volition in favour of my partner MADAN LAL that I hereby confirm that I am not interested to continue in the partnership Firm M/S SATYAM MOTORS.

**IF ANY PERSON HAVE OBJECATION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS, JALORE WITHIN 10 DAYS.**